# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित मासिक प्रकाशन का सोलहवां वर्ष

अंक :188 | स्वैच्छिक सेवा का 59 वां वर्ष | नवम्बर 2017



Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org


## विज्ञान लोकप्रियकरण

● **लोकविज्ञान प्रकाशन:** नवम्बर अंक के लेख **''शुद्ध और सेहतमंद हो पेयजल, वृद्धावस्था के रोग, त्रिविमीय दृश्यांकन की तकनीक:होलोग्राफी, आनुवंशिकता की कहानी–2।**

## एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम : आदर्श ग्राम देवाली विकास कार्यक्रम –

● दिनांक 21.11.17 को **डॉ. के.एल. कोठारी, डॉ. जी.एस. आमेटा, श्री मुनीश गोयल, डॉ. जे.के. दोशी एवं श्री कैलाश वैष्णव** के साथ समिति के वाहन से 11.00 बजे निकले। माताजी के मंदिर पर मिले। मिर्ची के 275 पौध कृषि कॉलेज से लेकर गए, जो 3 रु. प्रति पौध खरीदे। किसानों को उसी कीमत पर दिये। पिछले वर्ष 2 दिसम्बर को इस गांव में कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ था। पुनः 2 दिसम्बर को 1 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम करने हेतु विचार विमर्श किया जिस पर सहमति हुई। कुलपति और **डॉ.एन.एस. राठौड़** को बुलाने पर विचार हुआ। गांव के लिए 200–200 बैंगन एवं टमाटर की पौध तैयार करने के लिए आर.सी.ए. के **डॉ. कपिल** को कहा। गेहूं पर खरपतवार मिटाने के लिए 2–4 डी खरपतवार नाशक छिड़कने की सलाह दी। बुवाई के बाद पहली सिंचाई की भी राय दी। समिति का प्रस्ताव है कि 1 बीघे में सब्जियों का नियमित डिमोन्सट्रेशन बना रहे जिसके लिए **श्री भंवरसिंह चुंडावत** ने इच्छा व्यक्त की। समिति वर्ष भर का प्लान देगी। 2 दिसम्बर के कार्यक्रम के लिए **डॉ. एन.एस. राठौड़** एवं कुलपति से सम्पर्क किया गया।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** दिनांक 10.11.2017 को आयोजित हुई बैठक में 52 सदस्यों की उपस्थिति रही। चार सिंधी मिठाइयां बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

● **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** दिनांक 20.11.2017 को सभागार में power project के माध्यम से योग के इतिहास एवं महत्व को चित्रों के माध्यम से दिखाया गया। **श्रीमान् एल.एल. धाकड, श्रीमती शकुन्तला धाकड़ व श्री मुनीश गोयल** ने सभी का स्वागत किया।

सबसे प्रथम हाउजी खेल हुआ। **श्रीमती निर्मला शाह** ने महिलाओं से पहेलियाँ पूछी। विज्ञान समिति के करीब 15 सदस्य भी योग के power presentation से लाभान्वित हुए। अल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




● **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** नए सदस्यों के परियच एवं बच्चों की प्रार्थना के साथ बैठक का शुभारम्भ हुआ। बच्चों ने कविता पाठ एवं महिलाओं ने कविता एवं भजन गाये।

समिति के सभी कार्यों की जानकारी दी गई। मंजुला शर्मा ने लहर पत्रिका पर चर्चा के बाद वितरण किया।

**डॉ. के.एल. कोठारी** ने प्रेरणात्मक जानकारी एवं जीवन

### आर्थिक सहयोग

● **वार्षिक सहयोग**– श्री सुरेन्द्र भटनागर रु. 1000/–, श्री आर.के. खोखावत रु. 1000/–, श्री हीरालाल पगारिया रु. 2,000

● **छात्रकल्याण** – प्रो. सुशीला अग्रवाल रु. 5,500/–

● **सामान्य सहयोग** – प्रो. तेजसिंह धाकड़, अमेरिका रु. 10,000/–, डॉ. आर.एल. जैन – रु. 2000/–

● **सदस्यता सहयोग**– श्री हेमन्त तोतावत–रु. 11,000/–

**सभी सहयोगकर्ताओं का हार्दिक आभार।**

पच्चीसी के मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा की। **प्रो.सुशीला अग्रवाल** द्वारा स्कूल के बच्चों को स्वेटर बाँटे गये जो कि उनकी भाभी **श्रीमती विमला अग्रवाल** ने बच्चों को पहनाये ।

यात्रा भत्ता वितरण और नाश्ते के साथ बैठक का समापन हुआ। पिंकी सुथार ने 300रु. ऋण किस्त के जमा कराये।


## स्वास्थ्य सेवाएं

● **निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। अक्टूबर माह में 9 शिविर हुए जिसमें 110 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। सभी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा। आभार।

● **श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में **तिरेपनवां शिविर** दिनांक 19 नवम्बर 2017 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल. जैन** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ, **डॉ. ए.के. बापना,** वरिष्ठ फिजिशियन, **डॉ. अनुराग तलेसरा** वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ**, डॉ. भानु प्रकाश वर्मा,** ईएनटी विशेषज्ञ, **डॉ. शोभालाल औदिच्य,** आयुर्वेद विशेषज्ञ, **डॉ. निवेदिता पटनायक,** होम्योपेथी विशेषज्ञ **दर्शन डेंटल कॉलेज** की दंत चिकित्सकीय टीम, **श्री एल.एन. शर्मा, श्री ललित पोरवाल, श्री अर्जुन डांगी की** एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। इनके अतिरिक्त टेक्निशियन्स – **श्री उमंग, श्री दिनेश कुमार, श्री प्रेम, श्री देवीलाल** ने भी अपनी सेवाएं दी। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 45 नागरिकों को (16 सामान्य, 28 हृदय रोग, 26 मधुमेह, 05 ईएनटी, 01 अस्थिरोग, 1 दंत रोग, 02 होम्योपेथी, 02 आयुर्वेद,) विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 07 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी **चोपनवां शिविर 17 दिसम्बर 2017** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

शिविर में **डॉ. के.एल. कोठारी, श्री राजेन्द्र खोखावत, डॉ. बी.एल. चावत, डॉ. एल.एल. धाकड़, डॉ. के.पी. तलेसरा, श्री शांतिलाल भंडारी** ने विशेष सेवाएं दी।

● **विश्व मधुमेह पखवाड़े** के अन्तर्गत विज्ञान समिति में एक विशेष कार्यक्रम मधुमेह विशेषज्ञ **डॉ. डी.सी. शर्मा** के सान्निध्य में रखा गया। नगर के विभिन्न संस्थानों में अध्ययनरत लगभग 200 नर्सिंग विद्यार्थियों के साथ मधुमेह के बारे में चेतना जागृति के लिए आवश्यक नारों एवं बैनर के साथ एक रैली डॉ. डी.सी. शर्मा के आनन्द नगर चिकित्सालय से प्रारम्भ हुई जो विज्ञान समिति में आकर समाप्त हुई। डॉ. डी.सी. शर्मा ने सबको सम्बोधित किया। विज्ञान समिति के पदाधिकारियों ने संस्था की जानकारी दी। इसके अलावा विज्ञान समिति में आए लगभग 250 मधुमेह के रोगियों की जांच कर उनको चिकित्सकीय सलाह दी। इस कार्यक्रम में डॉ. प्राची भटनगर, श्री अविनाश भटनागर, श्री मुनीश गोयल का सहयोग रहा।








## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

●3 से 6 नवम्बर को दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ के छः सदस्य श्रवण बेलगोला में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में निमन्त्रण पर गए और पत्र वाचन किया। **डॉ. आई.एल. जैन** के पत्र को काफी सराहा गया। मासिक बैठक इस माह में नहीं हो सकी।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

● इस माह की बैठक वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ के साथ रखी गई जिसमें योग के इतिहास पर डेढ़ घंटे की फिल्म दिखाई गई जो पद्म विभूषण **डॉ. डी.एस. कोठारी** की पौत्री **श्रीमती दीपिका** ने शोध व श्रमपूर्वक तैयार की।

## केलवा प्रोजेक्ट

●श्रद्धा का नवम्बर अंक प्रकाशित एवं वितरित हुआ।

● आचार्य भिक्षु आलोक संस्थान केलवा का वार्षिक समारोह दिनांक 18 नवम्बर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में




आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि **श्री हरिओमसिंह जी राठौड़** सांसद राजसमन्द, अध्यक्ष **श्री बसन्तीलाल बाबेल** पूर्व न्यायाधीश थे। इस कार्यक्रम में छात्रवृत्ति वितरण, शिक्षक सम्मान, दानवीर अलंकरण, सामान्यज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण सहित अनेक कार्यक्रम डॉ. के.एल. कोठारी के निर्देशन में सम्पन्न हुए।

## सदस्यों सम्बन्धी

● हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य और समिति के स्थापना सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष **डॉ. यशवन्त कोठारी** का 14 नवम्बर को 75वर्ष की पूर्णता पर प्लेटिनम जुबली महोत्सव गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ जिसमें रोटरी इन्टरनेशनल के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन **श्री कल्याण बनर्जी** मुख्य अतिथि थे। विज्ञान समिति की हार्दिक बधाई।

● हमारे महासचिव **श्री आर.सी. भटनागर** को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटेरियल्स मेनेजमेन्ट द्वारा एक **''राष्ट्रीय अवार्ड विशिष्ट सदस्य - 2017''** प्रदान किया गया है। हार्दिक बधाई।

श्री भटनागर इन दिनों 10 नवम्बर से गुरुग्राम अपने पुत्र के पास प्रवासरत है।

● हमारे मानद सदस्य अन्तरराष्ट्रीय वैज्ञानिक और कवि **प्रो. जगमोहन हूमड़** फरवरी 2018 के पहले दो सप्ताह में उदयपुर रहेंगे। इस अवसर पर उनकी उपस्थिति का लाभ लेने के लिए उपयुक्त कार्यक्रम बनाए जाएंगे। डॉ. हूमड़ का सादर स्वागत।

● हमारे सदस्य महावीर इंटरनेशनल उदयपुर के वर्तमान अध्यक्ष **श्री बी.एल. खमेसरा** का अध्यक्षता काल एक वर्ष के लिए महावीर इंटरनेशनल के हित में बढ़ा दिया गया है। हार्दिक बधाई।

● हमारे प्रमुख संरक्षक सदस्य **श्रीमान् मदनसिंह जी सुराणा** एवं **श्रीमती लीला जी सुराणा** अपने सुपुत्र के पास हांगकांग में सकुशल बिराज रहे हैं। समय समय पर विज्ञान समिति सदस्यों को याद करते रहते हैं।

● हमारी संरक्षक सदस्य **प्रो. सुशीला अग्रवाल** पिछले माह गिर जाने से घर पर ही स्वास्थ्य लाभ कर रही हैं अतएव उनका **नौ दशक** की पूर्णता पर समिति के **डॉ. के.एल. कोठारी, श्रीमती विमला कोठारी, डॉ. के.एल. तोतावत, श्री शांतिलाल भंडारी, श्रीमती मंजुला और श्री कैलाश** उनके घर गए। उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और इस अवसर पर उन्हें काव्यमय अभिनन्दन पत्र भेंट किया। डॉ. सुशीला जी ग्रामीण महिलाओं और अभावग्रस्त विद्यार्थियों की मदद के लिए सदैव संवेदनशील एवं तत्पर रहती है।

● हमारी सदस्य और महिला सशक्तीकरण की प्रभारी **श्रीमती मंजुला शर्मा** की छोटी पुत्री प्रकृति का शुभ विवाह बांसवाड़ा के श्री शुलभ तलवाड़िया आर्किटेक्ट के साथ 23 नवम्बर को बांसवाड़ा में सकुशल सम्पन्न हुआ। विज्ञान समिति की हार्दिक बधाई।

### उपयोगी सूचना

सदस्यों की सूचनार्थ लेख है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार बैंक खाता, म्यूचअल फण्ड, बीमा पोलिसी और पोस्ट ऑफिस की बचत योजनाओं से आपके आधार को **31 दिसम्बर 2017** तक लिंक कराना अनिवार्य है। इसी क्रम में टेलिफोन एवं मोबाईल को भी **28 फरवरी 2018** तक आधार से जोड़ना आवश्यक है। पेन कार्ड, पें ान, एलपीजी और अन्य सरकारी लाभकारी योजनाओं के लिए भी आधार से जुड़ने की तिथि **31 मार्च 2018** निर्धारित की गई है। अतः सदस्यगण इस दिशा में समुचित कार्यवाही कर असुविधा से बचें।

## श्रद्धांजलियाँ

- ❑ हमारे संरक्षक सदस्य श्री राज लोढ़ा की माताश्री **श्रीमती रम्भा देवी लोढ़ा** का 28 अक्टूबर को देवलोकगमन हो गया। हार्दिक श्रद्धांजलि।
- ❑ हमारे वरिष्ठ सदस्य डॉ. आर. सी. मेहता(तपोवन) की धर्मपत्नी **श्रीमती प्रेमलता मेहता** का देवलोकगमन दिनांक 9 नवम्बर को हो गया। सादर श्रद्धांजलि।
- ❑ हमारे सदस्य एवं पूर्व संयुक्त सचिव श्री बी.एस. भण्डारी की माताश्री **श्रीमती कंचनदेवी भंडारी** का देवलोकगमन दिनांक 10 नवम्बर को हो गया। सादर श्रद्धांजलि।
- ❑ हमारे पूर्व कोषाध्यक्ष और आर्थिक मामलों के सलाहकार **श्री लक्ष्मीलाल जी चन्डाल्या** का अकस्मात देवलोकगमन दिनांक 11 नवम्बर को हो गया था। उनकी स्मृति में विज्ञान समिति में एक स्मृति सभा का आयोजन 17 नवम्बर को किया गया। जिसमें परिवार के भी कई सदस्य उपस्थित हुए। कुछ सदस्यों ने चन्डाल्या जी के बारे में सद्भाव व्यक्त किए। कार्यक्रम में समिति के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ

**December**

| | |
|---|---|
| Dr. S P Dhakar | 01/12 |
| Smt. Renu Dhakar | 02/12 |
| Dr. K.P. Talesara | 08/12 |
| Smt. Santosh Mehta | 10/12 |
| Shri R.C. Khandelwal | 10/12 |
| Sh. Manik Nahar | 20/12 |
| Sh. S.C. Mehnot | 24/12 |
| Smt. Aparna Sharma | 24/12 |
| Sh. Avinash Bhatnagar | 25/12 |
| Mrs. Renu Bhandari | 27/12 |
| Sh. S.C. Mehta | 29/12 |
| Dr. I.L.Jain | 31/12 |



**January**

| | |
|---|---|
| Dr. G.C. Lodha | 01/01 |
| Dr. B. Bhandari | 03/01 |
| Sh. Arun Saruapriya | 04/01 |
| Sh. RK Khokhawat | 04/01 |
| Sh. S.P. Mittal | 06/01 |
| Sh.B.L.Kukda | 09/01 |
| Sh. N.K. Purohit | 10/01 |
| Sh. Hanumant K Talesara | 11/01 |
| Sh.Mohanlal Vaishnav | 12/01 |
| B.L. Khamesara | 13/01 |
| Mrs. Vimla Kothari | 24/01 |
| Smt. Mudita Sharma | 24/01 |
| Sh. B.H.Bafna | 25/01 |
| Sh. Akhilesh Joshi | 25/01 |
| Sh.P.S.Roongta | 26/01 |
| Sh.Mangilal Lunawat | 31/01 |

नवम्बर में डॉ. बी.एल. चावत, डॉ. शैल गुप्ता, श्री सुरेन्द्र भटनागर, डॉ. के.एल. तोतावत के जन्मदिन समिति में उत्साहपूर्वक मनाये गए।





## विज्ञान समिति के दिसम्बर माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 17 दिसम्बर 2017 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम में वार्षिक कार्यक्रम | शनिवार 02 दिसम्बर | प्रातः 10.00 बजे से |
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ | शनिवार 09 दिसम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | सोमवार 11 दिसम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | बुधवार 20 दिसम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ बैठक–स्व. मीठालाल मेहता स्मृति व्याख्यान | शनिवार 23 दिसम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | शनिवार 30 दिसम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✷ आध्यात्मिक प्रवचन – आचार्य मुनिश्री सुनील सागर जी | मंगलवार 12 दिसम्बर | प्रातः 08.30 बजे से |
| ✷ अन्य कार्यक्रम निर्णय होने पर | | |

**अपील**

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष पूर्ण हो रहा है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :– श्रीमान् मदनसिंह जी–श्रीमती लीला जी सुराना, 8–सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)**